गुरु जी मैंने तेरा दर्शन पाया

गुरु जी मैने तेरा दर्शन पाया,
ऐसा दर्श दिया है मुझको
सुख जीवन में आया,
गुरु जी मैने तेरा दर्शन पाया....

जिस दिन से मुझे सरण मिली है,
मिल गई खुशियां सारी,
ठोकरें खाते खाते बाबा ,
आ गई मेरी बारी,
चरणो से अब दूर ना करना,
मांगू तेरा साया,
गुरु जी मैने तेरा दर्शन पाया....

बंसी वाले सतगुर जी,
ऐसी किरपा बरसाई,
धीरे धीरे बढ़ती जाए,
मेरी नाम कमाई,
मेरी कुछ औकात नहीं है,
ये सब तेरी माया,
गुरु जी मैने तेरा दर्शन पाया....

सासों में है नाम बसा,
दिल में तस्वीर तुम्हारी,
पाकर तुम को जाग गई,
सोई तकदीर हमारी,
तेरे जैसा प्यार मिला ना,
सारा जग अजमाया,
गुरु जी मैने तेरा दर्शन पाया....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/28108/title/guru-ji-maine-tera-darshan-paya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |